सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# वेव्स 2025 एनिमेशन फिल्म मेकर्स चैलेंज ने अंतिम दौर में पहुंचने वाले शीर्ष 42 प्रतिभागियों की घोषणा की

## वेव्स मूल एनीमेशन, वीएफएक्स, एआर/वीआर और वर्चुअल प्रोडक्शंस का वैश्विक प्रदर्शन कर रहा है।

## एनीमेशन फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के अंतिम दौर में पहुंचने वाले प्रतिभाशाली प्रतिभागी वेव्स 2025 में अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगे।


Posted On: **19 APR 2025 12:03PM** | Location: **PIB Delhi**

वेव्स 2025 के 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन-1' के तहत आयोजित एनिमेशन फिल्म मेकर्स कॉम्पिटिशन (एएफसी) के अंतिम दौर में पहुंचने वाले प्रतिभागियों की घोषणा कर दी गई है। पारंपरिक एनिमेशन, वीएफएक्स, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर)/वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और वर्चुअल प्रोडक्शन सहित एनिमेशन की पूरी विस्तृत श्रेणी में मूल कहानी कहने पर केंद्रित सर्वश्रेष्ठ 42 प्रस्तुतियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इन प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को अब 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाले वेव्स सम्मेलन के दौरान अपनी मूल प्रस्तुतियों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। शीर्ष 3 विजेताओं में से प्रत्येक को 5 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

डांसिंग एटम्स टीम ने वेव्स टीम के सहयोग से नौ महीने की कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के पश्चात अंतिम दौर में पहुंचने वाले शीर्ष-42 प्रतिभागियों का चयन किया। प्रतिभागियों के समर्पित प्रयासों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जूरी सदस्यों के एक प्रतिष्ठित पैनल की विवेकपूर्ण विशेषज्ञता ने पूर्ण किया। इस पैनल में शामिल हैं:

- अनु सिंह
- फारुख धोंडी
- डैन सार्टो
- जेम्स नाइट
- जैन नेगल
- जियानमार्को सेरा
- इंदु रामचंदानी

अंतिम दौर में पहुंचने वाले प्रतिभाशाली प्रतिभागी जिनको अब मुंबई में अपनी मूल प्रस्तुतियों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा, वे हैं: अभिजीत सक्सेना, अनिका राजेश, अनिर्बान मजूमदार, अनुज कुमार चौधरी, अरुंधति सरकार, अत्रेयी पोद्दार, भगत सिंह सैनी, भाग्यश्री सत्पथी, बिमल पोद्दार, कैथरीना डायन विरास्वती एस, गादम जगदीश प्रसाद यादव, गार्गी गावथे, हरीश नारायण अय्यर, हर्षिता दास, हीरक ज्योति नाथ, ईशा चांदना, जैकलिन सी चिंग, ज्योति कल्याण सुरा, खंबोर बटेई खरजाना, किशोर कुमार केदारी, किरुथिका रामसुब्रमण्यिन, मकाम नेहा, मार्तंड आनंद उगलमुगले, नंदन बालकृष्णन, पीयूष कुमार, प्रशांत कुमार नागदासी, प्रसेनजीत सिंघा, ऋचा भूटानी, रिशव मोहंती, रोहित सांखला, सांधरा मैरी, संगीता पोद्दार, सेगुन सैमसन, श्रिया विनायक पोरे, श्रेया सचदेव, श्रीकांत एस मेनन, श्रीकांत भोगी, शुभम तोमर, श्वेता सुभाष मराठे, सुंदर महालिंगम, सुकनकन रॉय, त्रिपर्णा मैती, तुहिन चंदा, वामसी बंडारू, वेत्रिवेरे।



उनकी प्रस्तुतियों का संभावित आर्थिक प्रभाव महत्वपूर्ण है। प्रत्येक एनिमेटेड वीएफएक्स फीचर फिल्म से 100-300 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। वेव्स एएफसी 2025 भारत की रचनात्मक प्रतिभाओं में एक महत्वपूर्ण निवेश है। इससे रोजगार सृजन और वैश्विक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सह-निर्माण को बढ़ावा देना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से डांसिंग एटम्स द्वारा संचालित इस अभूतपूर्व वैश्विक पहल में पहली बार एवीजीसी क्षेत्र के सभी चार क्षेत्रों को इस तरह की प्रतियोगिता में एक साथ शामिल किया गया है।

वेव्स एएफसी 2025 को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के शौकिया उत्साही, प्रतिभाशाली छात्रों और अनुभवी पेशेवरों से लगभग 1900 पंजीकरण और 419 विविध प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। यह उत्साही भागीदारी एनीमेशन उद्योग में नई रचनात्मकता की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने में प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

प्रतिभा दिखाने के अलावा, इस पहल ने सभी चरणों में संरक्षण को प्राथमिकता दी है। सभी प्रतियोगी, उनके अंतिम चयन के बावजूद, अकादमी पुरस्कार विजेता गुनीत मोंगा, प्रशंसित निर्माता शोबू यारलागड्डा और सरस्वती बुय्याला जैसे इस क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यक्तियों के नेतृत्व में अमूल्य मास्टरक्लास से लाभान्वित हुए। इन सत्रों में पिचिंग कौशल को निखारने और उद्योग की जटिलताओं को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन प्रस्तुतियों का विभिन्न ओटीटी

प्लेटफार्मों पर और इस क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। डांसिंग एटम्स स्टूडियो की संस्थापक सरस्वती बुय्याला इन शीर्ष 42 प्रस्तुतियों की सहायता के लिए 17 देशों (ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, कोलंबिया, फ्रांस, जर्मनी, इजरायल, इटली, कोरिया, न्यूजीलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रूस, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम) के दूतावासों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही हैं। इन प्रस्तुतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख वितरकों के साथ बैठकें भी निर्धारित की जा रही हैं। शीर्ष 42 प्रस्तुतियां विविध क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। इनमें 12 फीचर फिल्में, 9 टीवी श्रृंखलाएं, 3 एआर/वीआर अनुभव और 18 लघु फिल्में शामिल हैं। यह संभावित दर्शकों और सहयोगियों को विविधता प्रदान करती है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का महत्वपूर्ण सहयोग एएफसी वेव्स 2025 को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। एनिमेशन, वीएफएक्स, एआर/वीआर और वर्चुअल निर्माण क्षेत्रों में मौलिक कहानी कहने को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण ने अमूल्य संसाधन और मान्यता प्रदान की है। इसने उभरती प्रतिभाओं को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। यह प्रतियोगिता और इसकी कठोर चयन प्रक्रियाएं और भरपूर सीखने के अवसर, एनिमेशन की गतिशील दुनिया में भारत की रचनात्मक क्षमता को बढावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रत्येक चयनित प्रविष्टि एक अनूठी कथा प्रस्तुत करती है और आकर्षक अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियां सहित विविध रचनात्मक दृष्टिकोणों को प्रदर्शित करती है। आगे बढ़ते हुए, एनिमेशन, वीएफएक्स, एआर/वीआर और वर्चुअल प्रोडक्शन कहानी सुनाने का भविष्य वेव्स एएफसी 2025 में सामने आएगा।

वेव्स के बारे में

भारत सरकार 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र के लिए प्रथम विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का आयोजन करेगी।

चाहे आप इस क्षेत्र में पेशेवर, निवेशक, निर्माता या नवप्रवर्तक हों, शिखर सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र से जुड़ने, सहयोग करने, नवप्रवर्तन करने और योगदान करने के लिए शानदार वैश्विक मंच प्रदान करता है।

वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को सुदृढ करेगा। इसमें प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) शामिल हैं ।

क्या आपके कोई प्रश्न हैं? उत्तर यहां पाएं

पीआईबी टीम वेव्स की नवीनतम घोषणाओं की जानकारी के लिए हमारे साथ जुड़े रहें।

आइए, इसका भाग बनें! वेव्स के लिए अभी रजिस्टर करें

****

**एमजी/केसी/पीपी/एमबी**

**Release ID:** (Release ID: 2122887) | **Visitor Counter:** 401

Read this release in: Telugu , Khasi , English , Urdu , Nepali , Marathi , Bengali , Assamese , Punjabi , Gujarati , Tamil , Kannada , Malayalam

Print Page Download PDF